-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 11.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **जनपद में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के किये गये हैं पुख्ता इंतजाम । भारी संख्या में पुलिस बल को किया गया है तैनात। ड्रोन कैमरों से लगातार रखी जाएगी निगरानी। सादे वस्त्रों में भी तैनात रहेगें पुलिसकर्मी, इन्टेलीजेंस तथा स्थानीय अभिसूचना ईकाई को भी किया गया है सक्रिय।**
- **सोशल मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर 24 घण्टे की जा रही निगरानी । शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाये जाने हेतु बड़ी संख्या में यातायात पुलिकर्मियों को भी किया गया है तैनात। अराजक तत्वों पर निगरानी हेतु सर्विलांस टीम व एसओजी को किया गया है सक्रिय।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में कल दिनांक 12.10.2024 को जनपद में होने वाले दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के निकट पर्यवेक्षण में भारी सुरक्षा व्यवस्था के प्रबन्ध किये गये हैं। जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 06 क्षेत्राधिकारी, 11 थाना प्रभारी, 15 निरीक्षक, 59 उपनिरीक्षक, 276 आरक्षी/मुख्य आरक्षी, 72 महिला आरक्षी, 01 प्लाटून पीएसी, 04 क्यूआरटी टीम तथा 03 फायर टेंडर, 04 टीजी स्क्वायड को लगाया गया है। अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी हेतु जगह-जगह पर सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मी तैनात किये गये है साथ ही इन्टेलीजेंस एवं स्थानीय अभिसूचना ईकाई, सर्विलांस टीम व एसओजी को भी सक्रिय किया गया है। सोशल मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट व कमेन्ट करने वाले पर कड़ी निगरानी की जा रही है तथा उसे 24 घण्टे सक्रिय रखा गया है। विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रुप से रखने हेतु 50 यातायात पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है। विसर्जन के दौरान सम्पूर्ण क्षेत्र पर ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जाएगी । साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी । पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल ने जनपद वासियों को विजयदशमी पर्व की शुभकामना देते हुए लोगों से अपील की है कि सभी मिल-जुलकर शांतिपूर्वक त्यौहार को मनाये तथा आपसी भाईचारे को बनाये रखे। यदि कोई व्यक्ति सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।